भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 532
दिनांक 06 फरवरी, 2025

असम में बंगाईगांव तेलशोधन कारखाने की उत्पादन क्षमता

†532. श्री जयन्त बसुमतारी:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने असम स्थित बंगाईगांव तेलशोधन कारखाने की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लिए उन्नयन हेतु कोई निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त तेल शोधन कारखाने के प्रस्तावित विकास के लिए कुल कितनी धनराशि स्वीकृत और जारी की गई है; और

(ग) क्या सरकार बंगाईगांव तेल शोधन कारखाने के प्रस्तावित उन्नयन में किसी निजी कंपनी के साथ सहयोग करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क): जी नहीं।

(ख): उपरोक्त (क) के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

(ग): जी नहीं। वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****